**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अप्रैल-जून, 2026 तिमाही की**
**दिनांक 02/06/2026 को अपराह्न 04.30 बजे सम्पन्न प्रथम बैठक का कार्यवृत्त**
**(समीक्षा: जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही)**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026-27 की प्रथम बैठक वस्त्र आयुक्त महोदया श्रीमती वृंदा मनोहर देसाई जी की अध्यक्षता में दिनांक 02/06/2026 को अपराह्न 04.30 बजे संपन्न हुई। इस बैठक में जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही के हिंदी पत्राचार तथा जांच बिंदुओं पर चर्चा की गई ।

1) **जांच बिंदुओं पर चर्चा :-** धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले कागजात द्विभाषी में जारी हो रहे हैं या नहीं यह देखने के लिए सभी हस्ताक्षरकर्ता अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि हस्ताक्षर करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि जिस दस्तावेज पर वे हस्ताक्षर कर रहे है वह द्विभाषी है या नहीं । वे क तथा ख क्षेत्रों की राज्य सरकारों को जाने वाले पत्रो आदि को प्रेषित करने के लिए तभी स्वीकार करें जब वे हिंदी में हो अथवा उनका हिंदी अनुवाद साथ हो । सभी डिस्पैच क्लर्क/अधीनस्थ कार्यालयों के डिस्पैच क्लर्क क तथा ख क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों के लिफाफों पर पते देवनागरी लिपि में ही लिखे। स्थापना-एक एवं दो अनुभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां की जाती हैं। इसलिए अनुभाग के संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनमें प्रविष्टियां हिन्दी की जा रही है। अधिकारियों/ अनुभागों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए सामग्री द्विभाषी रुप में भेजी जा रही है। अधिकारियों/ अनुभागों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि तिमाही रिपोर्ट भेजते समय सावधानी बरती जाए और गलत आँकड़े देने से बचा जाए।

वस्त्र आयुक्त महोदया ने सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को सभी जांच बिंदुओं का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

**(कार्रवाई - सभी अधिकारी/कर्मचारी)**

2) **वार्षिक कार्यक्रम 2026-2027 पर चर्चा :-** अध्यक्ष महोदया को सूचित किया गया कि गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2026-2027 के अनुसार कार्यालयीन पत्राचार में राजभाषा हिन्दी में करने संबंधी निम्नानुसार लक्ष्य गृह मंत्रालय द्वारा तय किए गए हैं—

- ख क्षेत्र से क क्षेत्र के साथ किया जानेवाला पत्राचार — 90%
- ख क्षेत्र से ख क्षेत्र के साथ जानेवाला पत्राचार — 90%
- ख क्षेत्र से ग क्षेत्र के साथ किया जानेवाला पत्राचार — 60%
- हिन्दी टिप्पणियाँ - 55%
- हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में देना- 100%
- वेबसाइट - 100% द्विभाषी

3) **धारा 3(3) का अनुपालन** :- अध्यक्ष महोदया को अवगत कराया गया कि इस धारा के अनुसार कार्यालय आदेश, परिपत्र, ज्ञापन, अधिसूचनाएँ तथा प्रेस विज्ञप्तियाँ इत्यादि द्विभाषी जारी किए जाने चाहिए। सभी अनुभागों की रिपोर्टो की समीक्षा करने के उपरांत यह देखा गया कि जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही में उक्त धारा के अंतर्गत 172 दस्तावेज जारी किये गये हैं जो कि द्विभाषी में जारी किये गये हैं।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यही क्रम जारी रखने का निदेश दिया ।

**(कार्रवाई - सभी अधिकारी/कर्मचारी)**

4) **हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में देना** :- अध्यक्ष महोदया को सूचित किया गया कि इस मद के अनुसार हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही देना आवश्यक है। किसी भी स्थिति में इसके उल्लंघन की छूट नहीं है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही में सभी अनुभागों द्वारा उक्त नियम का अनुपालन किया गया है।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यही क्रम जारी रखने का निदेश दिया ।

**(कार्रवाई - सभी अधिकारी/कर्मचारी)**

5) **अंग्रेजी में प्राप्त प्रत्रों के उत्तर हिन्दी में देना** :- अध्यक्ष महोदया को अवगत कराया गया कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों के लिये अंग्रेजी में प्राप्त प्रत्रों के उत्तर भी अधिक से अधिक संख्या में हिन्दी में देने के लिये निदेश दिये गये हैं। इस मद में कार्यालय ने इस तिमाही में 'क' क्षेत्र से प्राप्त 624 अंग्रेजी पत्रों में से 383 पत्रों के उत्तर हिंदी में दिये हैं । उसी प्रकार 'ख' क्षेत्र से प्राप्त 2318 अंग्रेजी पत्रों में से 1449 पत्रों के उत्तर हिंदी में दिये हैं।

वस्त्र आयुक्त महोदया ने निदेश दिया कि वस्त्र आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी अधिक से अधिक अंग्रेजी पत्रों के उत्तर हिन्दी में दें ।

**(कार्रवाई : सभी अधिकारी)**

2/-

6)**क क्षेत्र को भेजे गए पत्र** :- अध्यक्ष महोदया को सूचित किया गया कि इन क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों का लक्ष्य 90% है। इस मद में कार्यालय ने इस तिमाही में 92.70% का लक्ष्य प्राप्त किया है। पिछली तिमाही में 90.57% का लक्ष्य प्राप्त किया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया किन्तु जिन अनुभागों का हिन्दी पत्राचार तुलनात्मक कम है, उन अनुभागों में किए जाने वाले पत्राचार के स्वरूप के आधार पर उन्हें अग्रेषण पत्र बनाकर देने का राजभाषा अनुभाग को निदेश दिया, जिससे कि उन अनुभागों के हिन्दी पत्राचार में वृद्धि हो सके ।

**(कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग / सभी अनुभाग)**

7) **ख क्षेत्र को भेजे गए पत्र** :- अध्यक्ष महोदया को अवगत कराया गया कि इन क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों का लक्ष्य भी 90% है। इस मद में कार्यालय ने इस तिमाही में 93.90% का लक्ष्य प्राप्त किया है। पिछली तिमाही में 91.01% का लक्ष्य प्राप्त किया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया तथा निदेश दिया कि जिन अनुभागों का हिन्दी पत्राचार तुलनात्मक कम है, वे अपना हिन्दी पत्राचार बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें । यदि पत्र तकनीकी स्वरूप का है तो हिन्दी अग्रेषण पत्र लगाकर पत्र जारी करें।

श्री सौरभ कुलकर्णी, संयुक्त वस्त्र आयुक्त ने राजभाषा अनुभाग को सुझाव दिया कि सभी अनुभागों का अलग - अलग पत्राचार दिखाने के स्थान पर उनको समेकित करके उनके प्रकोष्ठों के आधार पर पत्राचार की विवरणी बनाएं।

**(कार्रवाई : सभी अनुभाग)**

8)**ग क्षेत्र को भेजे गए पत्र** :- अध्यक्ष महोदया को सूचित किया गया कि इसका लक्ष्य 60% है। इस मद में कार्यालय ने इस तिमाही में 81.76% का लक्ष्य प्राप्त किया है। पिछली तिमाही में 87.83% का लक्ष्य प्राप्त किया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया तथा यही क्रम जारी रखने का निदेश दिया ।

**(कार्रवाई- सभी अधिकारी/कर्मचारी)**

9)**हिन्दी टिप्पणियाँ**:- अध्यक्ष महोदया को अवगत कराया गया कि हिन्दी में टिप्पणियों की संख्या का लक्ष्य 55% है । कार्यालय द्वारा इस मद में इस तिमाही में 2886 टिप्पणियां हिंदी में लिखी गयी हैं तथा 811 टिप्पणियां अंग्रेजी में लिखी गयी हैं । इस प्रकार 78.06% लक्ष्य की प्राप्ति की है। पिछली तिमाही में 78.64% का लक्ष्य प्राप्त किया गया था।

अध्यक्ष महोदया ने इस पर संतोष व्यक्त किया तथा यही क्रम जारी रखने का निदेश दिया ।

**(कार्रवाई - सभी अधिकारी/कर्मचारी)**

10) **ई टिप्पणियाँ**:- अध्यक्ष महोदया को सूचित किया गया कि टी टी सी अनुभाग द्वारा 16, वस्त्र मशीनरी / तक. विकास अनुभाग द्वारा 50, रुई अनुभाग द्वारा 265, पावरलूम अनुभाग द्वारा 58, , रेडीमेड गारमेंट सेल द्वारा 39, एस.आय.टी.पी. सेल द्वारा 327, स्थापना एक अनुभाग द्वारा 430, गृह व्यवस्था अनुभाग द्वारा 168, समन्वय अनुभाग द्वारा 79, लेखा अनुभाग द्वारा 28 और सतर्कता अनुभाग द्वारा 06 ई टिप्पणियाँ की गयी हैं ।

11) **गृह पत्रिका 'वस्त्र परिधान' का प्रकाशन**:- अध्यक्ष महोदया को सूचित किया गया कि गृह पत्रिका 'वस्त्र परिधान' का प्रकाशन सफल सम्पन्न हुआ तथा वस्त्र आयुक्त महोदया कि ओर से तथा संपादक मण्डल के सभी अधिकारियों की ओर से 'वस्त्र परिधान' की प्रतियां गणमान्य व्यक्तियों को प्रेषित की गयी ।

अन्य कोई मुद्दा न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक समाप्त होने की घोषणा की गई ।

000